# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोपालगंज–2

पत्रांक 646 गोपालगंज, दिनांक 09/05/24

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गोपालगंज–2

सेवा में,

राज तनय राय कन्स0 प्रा0 लि0
नियर रजिस्ट्री कचहरी, गोपालगंज।

**विषयः– पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य सम्पन्न नही करने के संबंध में।**

प्रसंग :– सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, बैकुण्ठपुर का पत्रांक–28, दिनांक 25.04.24, इस कार्यालय का पत्रांक– 606, दिनांक 02.05.24।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रांसगिक पत्र के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अप्रैल 24 में **सोनवलिया मुख्यमंत्री रोड से हरिजन बस्ती सुरभी टोला** में BRRMS के तहत जांच के क्रम में पाई गई त्रुटियों का निराकरण अब तक आपके द्वारा नही किया गया है। विदित हो कि BRRMS द्वारा किए गए जांच के क्रम में आपके पथ को 'U' ग्रेड प्रदत हुआ है। आपके प्राधिकृत मो0 नं0/ ई मेल पर भी इसकी सूचना आपको प्रेषित की जा चुकी है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि 03 दिनों के अन्दर उक्त पथ में अनुरक्षण कार्य सम्पन्न करना सुनिश्चित करें अन्यथा निविदा के निहित शर्त, एकरारनामा के सुसंगत कंडिका एवं समय–समय द्वारा विभाग से प्राप्त निर्देश के क्रम में आपके विरूद्ध आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करते हुए आपके निबंधन को डिबार/कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियो को सूचित किया जा सकता है, जिसकी सारी जबाबदेही आपकी होगी एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

विश्वासभाजन

09.05.24

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गोपालगंज–2

ज्ञापांक 646 दिनांक 09/05/24

प्रतिलिपि :– 1.सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल बैकुण्ठपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेशित किया जाता है कि संवेदक द्वारा कराए गए अनुरक्षण कार्य का Geotagged Photographs प्राप्त कर MIS में सहायक सूचना प्रबंधक से सम्पर्क कर Upload करना सुनिश्चित करें। अनुरक्षण कार्य नही किए जाने वाले संवेदकों के विरूद्ध विहित प्रपत्र में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की अनुशंसा अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2.अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अचंल, सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

09.05.24

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,